सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 28 नवंबर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सिलक्यारा (उत्तरकाशी) टनल में चले रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर इस ऑपरेशन में लगीं सभी एजेंसियों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा की इस रेस्क्यू में लगे बचाव दलों के अथक प्रयासों और करोड़ों देशवासियों की प्रार्थना फलस्वरूप आज टनल में फंसे सभी श्रमवीर भाइयों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा की इतिहास में सबसे बड़ा और पेचीदा कहा जाने वाला यह रेस्क्यू ऑपरेशन ज्ञान–विज्ञान और मानसिक शक्ति के अद्‌भुत प्रदर्शन के रूप में सदैव याद रखा जाएगा।

राज्यपाल ने कहा की इस ऑपरेशन के कुशलतापूर्वक संचालन हेतु केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी एजेंसियों और अन्य सभी लोगों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री का विशेष रूप से हार्दिक धन्यवाद कि संकट की इस घड़ी में उन्होंने लगातार सभी का मनोबल बढ़ाया और हर संभव सहायता प्रदान की साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सहित इस रेस्क्यू अभियान से जुड़े सभी लोगों की सराहना भी की है। राज्यपाल ने टनल में फंसे रहने के दौरान श्रमिकों के धैर्य, साहस और जज्बे को भी सैल्यूट किया और उनके स्वस्थ और कुशल जीवन की कामना की।

...........0.........